**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 2701**

**Series : Sec. M/16**

रोल नं० | | | | | | | | | | |

***SET : C***

# हिन्दी

***ACADEMIC***

**1st SEMESTER**

(Only for Re-appear Candidates)

**(Morning Session)**

*समय **2½** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **13** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**खण्ड – क**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :

(क) विकारी शब्द छाँटकर लिखिए : 2

अब, मैं, लड़का, उधर।

(ख) भाववाचक संज्ञा की सोदाहरण परिभाषा दीजिए। 2

(ग) सकर्मक क्रिया किसे कहते हैं ? 1

(घ) मैं खेल नहीं सकता। (कर्मवाच्य वाक्य बनाइए) 1

(ङ) बहुत ही सुंदर दृश्य है। (विस्मयादिबोधक वाक्य बनाइए) 1

**2.** (क) 'चौपाई' छंद का कोई ***एक*** उदाहरण दीजिए। 2

(ख) 'रूपक' अलंकार की परिभाषा दीजिए। 2

**3.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग **300** शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) आदर्श खिलाड़ी,

(ख) सांसद द्वारा गोद लिया गया गाँव,

(ग) अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस,

(घ) कन्या-भ्रूण हत्या : महापाप,

(ङ) विज्ञान के बढ़ते चरण।

**4.** जन्मदिन की बधाई देते हुए अपने अनुज को एक पत्र लिखिए। 4

**अथवा**

चरित्र प्रमाण-पत्र लेने हेतु मुख्याध्यापक को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।

**खण्ड – ख**

**5.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***सही*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 5 = 5$

(क) *'जिनके मन चकरी'* से सूरदास का क्या अभिप्राय है ?

(i) मन की सुंदरता

(ii) मन की मरजी

(iii) मन की मन में रहना

(iv) मन की अस्थिरता

(ख) *'आयसु काह कहिय किन मोही'* – यहाँ 'आयसु' का अर्थ है :

(i) आया (ii) आयु

(iii) आज्ञा (iv) अपनापन

(ग) परशुराम अपने आपको किस कुल का द्रोही (दुश्मन) कहते हैं ?

(i) ब्राह्मण (ii) वैश्य

(iii) क्षत्रिय (iv) शूद्र

(घ) देव कृत 'सवैया' एवं 'कवित्त' की भाषा कौन-सी है ?

(i) अवधी (ii) ब्रज

(iii) भोजपुरी (iv) संस्कृत

(ङ) *'इस गम्भीर अनंत-नीलिमा में असंख्य जीवन-इतिहास'* – यहाँ 'अनंत नीलिमा' का अर्थ है :

(i) अंतहीन विस्तार

(ii) आकाश

(iii) समुद्र

(iv) नीलमणि

**6.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

*कौसिक कहा छमिअ अपराधू। बाल दोष गुन गनहिं न साधू।।*
*खर कुठार मैं अकरुन कोही। आगे अपराधी गुरुद्रोही।।*

(क) प्रस्तुत काव्यांश के रचयिता कौन हैं ?

(ख) प्रस्तुत काव्यांश का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'कौशिक' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(घ) साधु की क्या विशेषता बताई है ?

(ङ) परशुराम ने स्वयं को कैसा बताया है ?

**7.** *पाँयनि नूपुर मंजु बजैं, कटि किंकिनि कै धुनि की मधुराई।*
*साँवरे अंग लसै पट पीत, हिय हुलसै बनमाल सुहाई।*
*माथे किरीट बड़े दृग चंचल, मंद हँसी मुखचंद जुन्हाई।*
*जै जग-मंदिर-दीपक सुंदर, श्रीब्रजदूलह 'देव' सहाई।।*

(क) उपर्युक्त काव्यांश का भाव-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) उपर्युक्त काव्यांश का शिल्प-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए। 2

(ग) उपर्युक्त काव्यांश के भाषा-वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालिए। 2

**8.** (क) *'उज्ज्वल गाथा कैसे गाऊँ; मधुर चाँदनी रातों की'* – 2
इस कथन के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ?

(ख) 'राम-लक्ष्मण-परशुराम सम्वाद' प्रसंग के आधार पर राम के स्वभाव की किन्हीं ***दो*** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 2

**खण्ड – ग**

**9.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***सही*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 5 = 5$

(क) "क्यों भई, क्या बात है ? आज तुम्हारे नेताजी की आँखों पर चश्मा नहीं है ?" – यह किसने पूछा ?

(i) कैप्टन ने (ii) हालदार साहब ने

(iii) पान वाले ने (iv) लेखक ने

(ख) नेताजी की मूर्ति वाले कस्बे से हालदार साहब कब-कब गुजरते थे ?

(i) हर सप्ताह (ii) हर पन्द्रहवें दिन

(iii) हर माह (iv) हर रोज

(ग) बालगोबिन भगत को अपने घर से गंगा-स्नान के लिए पैदल आने-जाने में कितना समय लगता था ?

(i) 1-2 दिन (ii) 2-3 दिन

(iii) 4-5 दिन (iv) 7-8 दिन

(घ) नवाब साहब से जुड़ा खीरे का प्रसंग किस रेलवे स्टेशन का है ?

(i) कानपुर (ii) इलाहाबाद

(iii) बनारस (iv) लखनऊ

(ङ) फादर कामिल बुल्के कितने वर्ष जीवित रहे ?

(i) 47 वर्ष (ii) 53 वर्ष

(iii) 63 वर्ष (iv) 73 वर्ष

**10.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

केवल एक चीज की कसर थी जो देखते ही खटकती थी। नेताजी की आँखों पर चश्मा नहीं था। यानी चश्मा तो था, लेकिन संगमरमर का नहीं था। एक सामान्य और सचमुच के चश्में का चौड़ा

काला फ्रेम मूर्ति को पहना दिया गया था। हालदार साहब जब पहली बार इस कस्बे से गुजरे और चौराहे पर पान खाने रुके तभी उन्होंने इसे लक्षित किया और उनके चेहरे पर एक कौतुकभरी मुसकान फैल गई। वाह भई ! यह आइडिया भी ठीक है। मूर्ति पत्थर की, लेकिन चश्मा रियल !

(क) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से उद्धृत है ?

(ख) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक कौन हैं ?

(ग) सब कुछ ठीक होते हुए भी क्या कमी रह गई थी ?

(घ) 'चश्मा नहीं था, यानी चश्मा तो था' – इसका क्या अभिप्राय है ?

(ङ) हालदार साहब के चेहरे पर कौतुकभरी मुसकान क्यों फैल गई ?

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2 + 2 + 2 = 6

(क) नेताजी की मूर्ति पर सरकण्डे के चश्में ने हालदार साहब की क्या उम्मीद जगाई ?

(ख) बालगोबिन भगत के व्यक्तित्व एवं उनकी वेशभूषा का परिचय दीजिए।

(ग) फादर बुल्के को भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग क्यों कहा गया है ?

**12.** रामवृक्ष बेनीपुरी ***अथवा*** यशपाल का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 4

**खण्ड – घ**

**13.** ***'कृतिका' (भाग - 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $3 \times 5 = 15$

(क) भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल गया ?

(ख) भोलानाथ और उसके साथी खेल में बरात का जुलूस कैसे निकालते थे ?

(ग) "नयी दिल्ली में सब था ... सिर्फ नाक नहीं थी" – इस कथन के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ?

(घ) 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) लोंग स्टॉक में घूमते हुए चक्र को देखकर लेखिका को पूरे भारत की आत्मा एक-सी क्यों दिखाई दी ?